## सार-समाचार

### समाज जोड़ो यात्रा का पहला चरण संपन्न

**उदयपुर, (कासं)।** श्री खटीक समाज राष्ट्रीय एकता मंच की ओर से निकाली जा रही समाज जोडो यात्रा का पहला चरण मंगलवार को सम्पन्न हुआ। शहर जिलाध्यक्ष आकाश बागडी ने बताया कि समाज जोडो यात्रा पर निकले श्री खटीक समाज राष्ट्रीय एकता मंच के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकरलाल खटीक, सीपी चौहान,रतन खिंची, राजेश बागडी सहित टीम का उदयपुर पहुंचने पर मेवाडी पगडी, उपरणा,माला व आतिश बाजी कर स्वागत अभिनंदन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकरलाल चौहान ने बताया कि समाज जोडों यात्रा उदयपुर से रवाना हम पहले पाली जिले गए जहां गांव-गांव ढाणी-ढाणी में घुमकर समाजजनों को रोजगार, शिक्षा एवं सामाजिक कुरुतियों पर जानकारी प्रदान की। समाजजनों को एक मंच पर लाने के लिए जानकारी प्रदान की। उसके बाद आगरा पहुंचे जहां संगठन का विस्तार किया। उसके बाद लखनऊ होते हुए अयोध्या पहुंचे जहां समाज की धर्मशाला का शिलान्यास किया। उसके बाद टीम पुनः लखनऊ पहुंची उसके बाद गोकुल मथुरा व वृन्दावत, खाटू श्याम,रिंगस, पहुंच कर समाजजनों को एक मंच पर लाने का कार्य किया तथा वहां की स्थानीय कार्यकारिणी का विस्तार किया। संस्थापक शंकरलाल चौहान ने बताया कि उदयपुर से रवाना हुई समाज जोडो यात्रा पूरे भारतवर्ष में भ्रमण कर समाज के लोगों को अधिक से अधिक एक सूत्र में बांधने का काम कर रहे है। यह यात्रा चार चरणों में प्रस्तावित जो अगले माह में पुनःनिकाली जाएगी। चौहान ने बताया कि समाज में एक खुशी की लहर हे की अयोध्या राम जन्म भूमि से मात्र 1 किलोमीटर की दूरी पर सिटी के सेंटर में श्री राष्ट्रीय खटीक समाज मंच द्वारा भूमि का शिलान्यास किया गया। उदयपुर पहुंचने पर स्वागत करने में शहर जिला अध्यक्ष आकाश बागडी, राष्ट्रीय सचिव जय निमावत,लालचंद खटीक, विष्णु चंदेल, दिलीप, रूपेश, राहुल,योगेश,भरत सालवी आदि मौजूद रहे।

### एडवेन्चर शिविर का आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक शारीरिक शिक्षा महाविद्यालयए पेसिफिक विवि द्वारा पाँच दिवसीय 11 से 15 अप्रैल तक भारत स्काउट गाइड प्रशिक्षण एडवेन्चर शिविर का आयोजन माउन्ट आबू में किया गया। शिविर में शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हेमंत पंड्या एवं शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कपिलेश तिवारी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान छात्राध्यापको को भारतीय वायु सेना के अधिकारीयों द्वारा अग्निशमन तथा अग्नि को बुझाने का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के उप प्राचार्य व शिविर प्रभारी डॉ जितेन्द्र सिंह चुण्डावत ने दो दिवसीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। शिविर का आयोजन भारत स्काउटगाइड माउन्ट आबू के सीओजितेन्द्र भाटी के निर्देशन में हुआ जिसमे छात्राध्यापको ने प्रथम दिन टॉड रॉक ट्रेकिंग पोलो ग्राउंड व नक्की झील देखे। उस दौरान एसडीएम राजीव शालुक्य ने सभी को मतदान हेतु प्रेरित किया। द्वितीय दिन शक्तिपीठ अर्बुदा देवी दर्शन और माउन्ट आबू कि गुफाओं में प्रशिक्षण दिया। तृतीय दिन सोहन सिंह गुफा की ट्रेकिंग और ब्रिटिश कालीन निर्मित झील ट्रेकिंग के साथ रॉक क्लाइम्बिंग रेप्लिंग भी की। चतुर्थ दिन वन विभाग के ट्रेवर टैंक पर सभी छात्राध्यापको द्वारा श्रमदान सेवा कार्य व केम्प में हाई रोप क्रोलिंग नेट क्लाइम्बिंग आदि एडवेन्चर कार्य किये।

### राम जन्मोत्सव मनाया

**उदयपुर, (कासं)।** भूपाल नोबल्स पब्लिक स्कूल में रामनवमी का पर्व मनाया गया। प्राचार्या डॉ. सीमा नरूका ने बताया कि विद्यार्थियों ने राम-स्तुति, नृत्य, भजन व भाषण के माध्यम से राम के प्रति अपनी श्रद्धा का परिचय दिया। साथ ही अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में स्थापित रामलला की प्रतिमा के मस्तक पर रामनवमी के दिन सूर्य तिलक के बारे में जानकारी दी गई। भूपाल नोबल्स पब्लिक स्कूल में जलियावाला बाग दिवस एवं बैसाखी मनाया। बीएन पब्लिक स्कूल ने इसी तरह सोमवार को नृत्य नाटिका के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि, बैसाखी पर्व एवं जलियांवाला बाग हत्याकांड मे अपने देश पर प्राण न्योछावर कर देने वाले शहीदों को स्मरण किया एवं श्रद्धांजलि दीं। भाषण एवं कविता के माध्यम से छात्रों ने शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि प्रकट की। बीएन संस्थान के कार्यवाहक अध्यक्ष कर्नल प्रो शिव सिंह सारंगदेवोत, सचिव डॉ महेंद्र सिंह आगरिया, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड ने रामलला के जन्मदिन पर बधाई प्रेषित की।

### गुलाब बाग में बंदर और कुत्तों का आतंक

**उदयपुर,(कासं)।** शहर के सबसे रमणीक पर्यटक स्थल गुलाब बाग में दिनों दिन आवारा कुत्तों बंदरों का आतंक बढता जा रहा है। बढते आतंक से सवेरे भ्रमण पर आने वाले राहगीरों पर यह जानवर हमला कर उन्हें हानि पहुंचा रहे हैं। मंगलवार को सवेरे 7 बजे गुलाब बाग में भ्रमण पर निकलने वाले तारा संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपेश मित्तल पर बंदरों के कूदने से गिर पडे और सिर पर वह हाथ में चोट लगने से घायल हो गए। पूर्व में भी कई पर्यटकों के साथ ऐसी घटनाएं होती रही है। बगीचे में आने वाले भ्रमणकारी नागरिकों ने बताया कि दिनभर बगीचे में आने वाले पर्यटक खाद्य सामग्री रोटी बिस्कुट आदि सडकों पर फेंक देते हैं जिसे खाने के लिए कुत्ते और बंदर वहां झुंड मे बैठे रहते हैं और यदा कदा सुबह भ्रमण पर निकलने वाले राहगीरों पर भी हमला कर देते हैं। नागरिकों ने नगर निगम को इस दिशा में उचित कार्रवाई करने, सडक पर खाद्य सामग्री डालने पर रोक लगाने की मांग की है।

### धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**उदयपुर,(कासं)।** हाथीपोल थाना पुलिस ने आरोपी व साथी के खिलाफ धोखे से नकदी हडपने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित इकबाल हुसैन पुत्र गुलाम अब्बास निवासी लोहा बाजार चमनपुरा ने आरोपी शमीम पत्नी फखरूद्दीन हीतावाला निवासी लोहाबाजार चमनपुरा व साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि वर्ष 2023 में आरोपी को चमनपुरा स्थित भूखण्ड का व्यावसायिक भू रूपांतरण करवाने के लिए नकदी एव दस्तावेज दिए थे। लेकिन आरोपी ने काम नहीं करवाया। पूछताछ करने पर कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया।

# विद्यापीठ ने जयपुर विवि को पांच गोल से दी शिकस्त

**उदयपुर, (कासं)।** जर्नादनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि की मेजबानी में भूपाल नोबल्स विवि के खेल मैदान पर खेली गई पांच दिवसीय ऑल इंडिया इंटर जोनल महिला हैंडबॉल स्पर्धा का खिताब मेजबान टीम राजस्थान विद्यापीठ ने राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर को हराकर अपने नाम कर लिया है।

मंगलवार को हुए रोमांचक और

> ■ **विद्यापीठ जल्दी ही शुरू करेगा खेलों में डिग्री कोर्स : प्रो. सारंगदेवोत**




**प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत विजेता टीम के खिलाडियों के साथ।**

कड़े फाइनल मुकाबले में राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय की टीम ने जयपुर विवि को 05 गोल से हरा 2023-24 की चौम्पियनशीप अपने नाम कर ली। दूसरे मुकाबले में चौधरी बंशीलाल विवि भिवानी ने गुरूनानक देव विवि अमृतसर को 12 गोल से हरा कास्य पदक अपने नाम किया। बेस्ट प्लेयर का अवार्ड जयपुर विवि की आरती, बेस्ट कीपर व बेस्ट वेल्युबल प्लेयर का अवार्ड विद्यापीठ टीम की हेमलता व जस्सी को दिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एमपीयूएटी विवि के कुलपति प्रो. अजित कुमार कर्नाटक, विशिष्ठ अतिथि कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर, पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, विद्या प्रचारिणी सभा भूपाल नोबल्स संस्थान के संयुक्त सचिव राजेन्द्र सिंह ताणा, नवल सिंह जुड़, गजेन्द्र सिंह, अन्तरराष्ट्रीय हैण्डबॉल कोच विरेन्द्र कुमार, सुखाड़िया विवि के डॉ. दिपेन्द्र सिंह चौहान, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, डॉ. दिलीप सिंह चौहान, डॉ. संतोष लाम्बा, डॉ. रोहित कुमावत ने विजेता टीम को स्वर्ण, रजत, कास्य पदक के साथ चमचमाती ट्राफी दी। समापन समारोह में विजेता तथा उपविजेता एवं तृतीय स्थान पर रही, चारों टीमों को क्रमशः स्वर्ण पदक, रजक पदक और कांस्य पदक के साथ टूर्नामेंट की ट्रॉफी प्रदान की गई। विजेता टीम को एक लाख रूपये की नकद राशि देने की घोषणा करते हुए कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने बताया कि विद्यापीठ निरंतर खेलों को बढ़ावा देने के लिए अग्रणी रहा है।

एमपीयूएटी के कुलपति प्रो. अजित कुमार कर्नाटक ने अपने संबोधन में वर्तमान समय में खेली और शिक्षा के बेहतरीन तालमेल एवं उसके प्रभावों की चर्चा की। प्रोफेसर कर्नाटक ने विद्यापीठ के संस्थापक मनीषी पं. जनार्दन राय नगर द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान की भी चर्चा की। अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यापीठ के कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कहा कि संस्थान लगातार खेल और खेलों के लिए नए प्रयास करता रहता है। इसी कडी में बहुत जल्द राष्ट्रीय शिक्षा नीति की रोशनी में खेलों में डिग्री प्रारंभ की जाएगी। सुखाड़िया विवि के योग समन्वयक डॉ. दीपेंद्र सिंह चौहान ने संस्थान द्वारा किए गए कार्यों में शैक्षणिक कार्यों के साथ-साथ खेलों को प्रमुखता से शामिल करने तथा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए किए प्रयासों की सराहना की। समारोह में कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर ने समारोह की सफलता पर प्रो. सारंगदेवोत को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान शिक्षा शिक्षा के साथ साथ खेलों को बढ़ावा देने में भी अग्रणी रहा है। समारोह में विद्यापीठ कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने राजस्थानी गीतों पर प्रस्तुतियाँ दी। इंटर जोनल महिला हैंडबॉल चौंपियनशिप के पांच दिवसीय आयोजन एवं गतिविधियों का प्रतिवेदन आयोजन सचिव डॉ. दिलीप सिंह चौहान ने प्रस्तुत किया स्वागत उद्बोधन रजिट्रार डॉ. तरुण श्रीमाली ने दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनीता राठौर ने किया।

## थमाए नोटिस

**उदयपुर,(कासं)।** लोकसभा आम चुनाव के तहत मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ हो चुका है। प्रशिक्षणों से गैर हाजिर रहने वाले अथवा विलंब से पहुंचने वाले कार्मिकों को लेकर जिला प्रशासन सख्त रूख अपना रहा है। दो दिन में 20 कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है।मतदान दलों में शामिल पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम का द्वितीय प्रशिक्षण 15 एवं 16 अप्रैल को माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय तथा राजकीय फतह उमावि परिसर में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में हुआ। कार्मिक प्रकोष्ठ प्रभारी कीर्ति राठौड़, सहायक प्रभारी डॉ मजहर हुसैन व चंद्रवीरसिंह चौहान ने प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण किया। मंगलवार को विलम्ब से उपस्थित होने वाले 5 कार्मिकों को नोटिस जारी किए गए, वहीं इससे पूर्व सोमवार को 15 कार्मिकों को नोटिस जारी किये गये।प्रभारी अधिकारी राठौड़ ने बताया कि द्वितीय प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी को 21 अप्रैल को श्रमजीव महाविद्यालय में प्रस्तावित प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से भाग लेना है।

# 'सत्य की राह से ही राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाया जा सकता है'

**राजसमंद, (कासं)।** भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी महिमा कुमारी मेवाड ने कहा कि सत्य की राह से ही राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाया जा सकता है। देश में जहां विकास के नए -नए आयाम स्थापित हुए हैं, वहीं विदेशों में भारत की साख बढी है। मंगलवार को महिमा कुमारी मेवाड और कुंभलगढ विधायक सुरेंद्रसिंह राठौड ने ओलादर चौराहा से जनसंपर्क की शुरुआत करते हुए बडगांव, मोरचा, समीचा और उसर में नुक्कड सभाओं को संबोधित कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।



**महिमा कुमारी ने मेवाड ने जनसंपर्क किया।**

इस अवसर पर महिमा कुमारी ने कहा कि कुंभलगढ मेवाड का प्रमुख स्तंभ रहा है जिसके बिना मेवाड की कल्पना नहीं की जा सकती। ये रिश्ता 1400 सौ साल का रिश्ता है जो अनवरत चलता रहेगा। मेवाड की इस वीर भूमि के लिए रक्त की अंतिम बूंद तक पूर्वजों ने संघर्ष किया था और जरूरत पडी तो आगे भी करेंगे। राजनीति सत्ता के लिए नहीं जनता की सेवा के लिए सिर्फ साधन मात्र है। पीपला में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विधायक सुरेंद्रसिंह राठौड ने कहा कि पिछले पांच सालों में केंद्र सरकार ने बहुत सी योजनाओं को क्रियान्वित किया था जिसमें से कुछ योजनाएं यहां पहुंची लेकिन अधिकांश योजनाएं तत्कालीन गहलोत सरकार के कारण अवरुद्ध हो गई थी। अब राज्य में भाजपा की सरकार आ गई है और केंद्र में मोदी सरकार आ रही है। यहां से भी महिमा कुमारी मेवाड जीत की माला पहनकर दिल्ली जाएगी। अब काम में कोई कमी नहीं रहेगी मिलकर क्षेत्र का विकास करेंगे। इसके बाद बनोकडा, कनुजा, ओडा, कांकरवा, तलादरी, कडिया, आंतरी, वरदडा, केलवाडा के साथ गवार और मझेरा की बैठक गोकुल धाम भाजपा कार्यालय केलवाडा पर आयोजित हुई। जिसमें महिमा कुमारी और कुंभलगढ विधायक राठौड का ढोल थाली मांदल के साथ स्वागत किया गया।

# ट्रेलर व 48 लीटर अवैध शराब जब्त

**राजसमंद।** आगामी लोकसभा चुनाव 2०24 की आदर्श आचार संहिता के मध्यनजर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एसपी मनीष त्रिपाठी एवं एएसपी महेन्द्रकुमार पारीक के निर्देशानुसार कार्यवाही करते हुए जिले के समस्त वृताधिकारियों/थानाधिकारियों द्वारा 4 व्यक्तियों द्वारा 48 लीटर अवैध शराब कब्जे में रख परिवहन करने पर शराब को जब्त किया गया। 2 ट्रेलर में 12० टन मार्बल पत्थर अवैध रूप से परिवहन करने वाहन को धारा 2०7 एमवी एक्ट में जब्त किया गया।

कांकरोली थानाधिकारी हनवंतसिंह सोढा ने गश्त एवं लोकल स्पेशल एक्ट की कार्यवाही के दौरान रतनलाल व मांगीलाल धोबी निवासी भटखेडा को 1० लीटर देशी शराब अपने कब्जे में रख परिवहन करने पर शराब जब्त कर प्रकरण पंजीबद्व किया गया। साथ ही नरपतसिंह पुत्र कानाराम दरोगा निवासी झालरा बावडी को ट्रेलर में 4० टन पत्थर भर कर अवैध रूप से परिवहन करने पर ट्रेलर मय पत्थर जब्त कर खनन विभाग को सूचना दी।

थानाधिकारी भीम ने देवेन्द्रसिंह पुत्र हुकमसिंह रावत निवासी मादाजी का गांव डांसरियां को 17 लीटर देशी शराब अवैध रूप से अपने कब्जे परिवहन करने पर शराब जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

## बांधे परिंडे

**उदयपुर।** राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर द्वारा सेवा अभियान के तहत अरावली पार्क और इसवाल स्कूल परिसर में पेडो पर परिंडे बांधे। स्वरूप सागर-फतहसागर मार्ग पर स्थित नगर निगम के पार्क अरावली वाटिका में बागवान कुकाजी और त्रिलोक के साथ संस्थान टीम ने परिंडे बांधे। निगम का पार्क होने से यहां दिन भर विभिन्न प्रजाति के पक्षियों का आना जाना लगा रहता है।

# चुनाव प्रेक्षक ने ली प्रकोष्ठ प्रभारियों की बैठक

**उदयपुर, (कासं)।** लोकसभा आम चुनाव- 2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त चुनाव प्रेक्षक ओवैस अहमद राणा ने मंगलवार अपराह्न सर्किट हाउस परिसर में विभिन्न प्रकोष्ठ प्रभारियों की बैठक ली।

> ■ **चुनाव प्रेक्षक ने मतदानबूथों पर व्हीलचेयर, पेयजल, छाया आदि की व्यवस्था की विस्तृत कार्ययोजना की जानकारी ली**

बैठक में चुनाव प्रेक्षक ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़ से उदयपुर संसदीय क्षेत्र में स्थापित किए जाने वाले मतदान बूथ व सहायक बूथ, बूथों पर व्हीलचेयर, पेयजल, छाया आदि की व्यवस्था की विस्तृत कार्ययोजना की जानकारी ली। एडीएम सिटी राजीव द्विवेदी ने सुविधा पोर्टल पर प्राप्त स्वीकृति आवेदनों के बारे में बताया।

कार्मिक प्रकोष्ठ व स्वीप प्रकोष्ठ प्रभारी सीईओ जिला परिषद कीर्ति राठौड़ से मतदान दलों में शामिल कार्मिकों, जिले में स्वीप गतिविधियों और नवाचारों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। आचार संहिता प्रकोष्ठ व प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी यूडीए ओएसडी जितेंद्र ओझा ने आचार संहिता उल्लंघन को लेकर प्राप्त शिकायतों, उन पर की गई कार्रवाई तथा मतदान दल के प्रशिक्षण के बारे में जानकारी साझा की। शिकायत निवारण प्रकोष्ठ प्रभारी डीओआईटी संयुक्त निदेशक सुश्री शीतल अठावाल से हेल्पलाइन नंबर 1950, नेशनल ग्रीवेन्स सर्विस पोर्टल व जिला नियंत्रण कक्ष पर प्राप्त शिकायतों और उनके निस्तारण की स्थिति जानी। सी-विजिल प्रभारी कविता पाठक ने सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों, उनके निस्तारण तथा औसत निस्तारण समय से अवगत कराया। एमसीएमसी मीडिया सेल प्रभारी उपनिदेशक जनसंपर्क गौरीकान्त शर्मा ने मीडिया सेल की गतिविधियों तथा जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त पोस्टर वेरिफिकेशन संबंधी प्रकरणों के निस्तारण की जानकारी दी। साथ ही अवगत कराया कि फिलहाल स्थानीय स्तर पर इलेक्ट्रोनिक मीडिया में प्रचार सामग्री के अधिप्रमाणन को लेकर कोई आवेदन नहीं हुआ है।

प्रिंट मीडिया के लिए मतदान से 48 घंटे पहले प्रकाशित होने वाली सामग्री के लिए अधिप्रमाणन का प्रक्रिया अपेक्षित है। चुनाव प्रेक्षक राणा ने डूंगरपुर जिले की आसपुर तथा प्रतापगढ़ जिले की धरियावाद विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से वीसी के माध्यम से संपूर्ण फीडबैक लिया। साथ ही उन्होंने व्यय निगरानी प्रकोष्ठ से अब तक किए गए सीजर आदि की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया।

# 72 कांग्रेसी व अन्य सदस्यों ने भाजपा की सदस्यता ली

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के भाजपा कार्यालय में कांग्रेस एवं अन्य दलों के 72 कार्यकर्ताओं ने मंगलवार भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी विजय राहटकर के सानिध्य में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर राष्ट्रीय हित में भाजपा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

भाजपा मीडिया संभाग प्रभारी चंचल अग्रवाल ने बताया कि भाजपा देहात जिला द्वारा देहात जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान शहर जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली देहात जिला महामंत्री दीपक शर्मा के अथक प्रयासों से भारतीय जनता पार्टी परिवार में 72 से अधिक कांठोस सहित अन्य दलों के कार्यकर्ता आज सम्मिलित हुए जिनमे कांठोस के जनप्रतिनिधी, वर्तमान सरपंच, 2 पूर्व विश्वविद्यालय अध्यक्ष, बैंक मैनेजर, सामाजिक व राजनीतिक संगठन पदाधिकारी, रिटायर्ड प्रशासनिक अधिकारीगण को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता दिलाई। इनमें चेतानपुरी गोस्वामी एडवोकेट कांग्रेस देहात जिला प्रवक्ता एवं पूर्व महासचिव बार एसोसिएशन उदयपुर, अनुराधा दुबे पूर्व अध्यक्ष भारत विकास परिषद उदयपुर, नरेंद्र सिंह दाधिवाडिया पूर्व विकास अधिकारी, चतुर्भुज मीणा रीजनल मैनेजर राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक,



**भाजपा राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी विजया रहाटकर की मौजूदगी में हुआ सदस्यता समारोह।**

शिवनारायण पालीवाल गोगुंदा मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष, नरेश टेलर उप सरपंच पंचायत समिति सायरा दिलीप सिंह चौहान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं तैराकी कोच, राजेश तेली धर्मेंद्र पालीवाल पूर्व महासचिव बार एसोसिएशन गोगुंदा, अमित पालीवाल सुविवि छात्रसंघ पूर्व अध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष, लहरी बाई सरपंच प्रकाश पुरोहित तीन बार के मंडल अध्यक्ष पूर्व पंचायत समिति सदस्य भोपल सिंह राव पूर्व पंचायत समिति सदस्य, दिलीप जोशी सुविवि छात्रसंघ पूर्व अध्यक्ष सीएसएस के संस्थापक सदस्य, सूर्य प्रकाश सुहाल्का कलाल महासभा के महामंत्री, एडवोकेट ओमप्रकाश बार्बर जिला अध्यक्ष सेन समाज विकास संस्थान आदि को भाजपा में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, भाजपा लोकसभा संयोजक प्रमोद सामर,भाजपा शहर जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली देहात जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान देहात महामंत्री दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### लूट मामले में तीन गिरफ्तार

**उदयपुर,(कासं)।** ऋषभदेव थाना पुलिस ने रेस्टोरेंट मालिक के साथ मारपीट कर लूट की वारदात करने वाले शातिर बदमाश सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 14 मार्च 2024 को पीडित लक्ष्मण पुत्र रामजी मीणा निवासी टीडी बस स्टेण्ड ने ऋषभदेव पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिसमें उसने बताया कि मैं गांव से अपने साढू के यहां कागदर आया था। वहां से वापस लौट रहा था। जहां बीच रास्ते प्राथमिक स्कूल के समीप एक बाइक पर नकाबपोश तीन बदमाश आए तथा मेरी बाइक रोक दी। इस दौरान निचे गिर पड़ा। इसको देख तीनों ने हमला कर दिया तथा गले से सोने की चेन व जेब से 19000 हजार रूपये नकदी, मोबाईल लूट ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में ऋषभदेव थानाधिकारी घनश्याम सिंह के नेतृत्व में एसआई रामलाल मीणा, एएसआई श्यामसुन्दर मय टीम ने पीडित से की गई पूछताछ एवं मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी विनोद पुत्र बाबुलाल निवासी ढेलाणा कला कानाघाटी कलयाणपुर, अजय पुत्र सुरेश कुमार निवासी बरना थाना कल्याणपुर एवं प्रभुलाल पुत्र लालु निवासी मुण्डवाड़ा खेरवाड़ा को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने साथी संजय मीणा, सरस मीणा के साथ मिल कर उक्त वारदात करना स्वीकार किया। वहीं दो माह पूर्व कागदर डेम के नीचे अभिकर्ता के साथ मारपीट की वारदात करना स्वीकार किया। आरोपी शहर में किराए के मकान पर रहते हुए बाइक पर सुनसान जगह पर घूम रैकी कर वारदातों को अंजाम देकर वापस उदयपुर लौट जाते। आरोपीयों ने दिन दहाड़े मगन रेस्टोरेंट मालिक लक्ष्मण मीणा के साथ वारदात भी की थी।

### नशा मुक्ति केंद्र का संचालक पकड़ा

**उदयपुर,(कासं)** नशा मुक्ति केंद की आड में नशे का कारोबार चल रहा था। मामले में संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी भी जब्त की गई। मामला उदयपुर के सुखेर थाने का है।थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स खरीदने वाले आरोपी मनीष सिंह पुत्र नरपत सिंह राजपुरोहित को गिरफ्तार किया है। आरोपी सवीना स्थित अंबामाता घाटी में नया उजाला नशा मुक्ति केंद्र का संचालक है, जिसकी आड में नशे का काम कर रहा था।थानाधिकारी ने बताया कि 10 अप्रैल को पुलिस ने अम्बेरी में नाकाबंदी के दौरान देबारी की तरफ से आ रही एक कार को रुकवाया था। चालक धुडाराम उर्फ धवल पुत्र जेताराम जाट से 50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी मिली थी, जिसे जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। आरोपी धुडाराम उर्फ धवल से अवैध मादक पदार्थ के खरीद.फरोख्त और तस्करी के संबंध में पूछताछ की गई। तब पता लगा कि आरोपी उससे ड्रग्स को खरीदता था, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### दुकान में तोड़फोड़ कर नकदी लूटी

**उदयपुर,(कासं)।** उधार की शराब नहीं देने पर दुकान में घुस कर तोड़फोड कर नकदी लूटने एवं तोड़फोड़ करने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित जब्बरसिंह पुत्र मदनसिंह निवासी धम्बोला डूंगरपुर हाल हाउसिंग बोर्ड गोवर्धन विलास से. 14 ने मल्लातलाई निवासी रफीक, पटेल सर्कल निवासी धनराज धोबी, शाहनवाज, रफीक उर्फ लिप्म्टन सहित करीब दस आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मैं पारस स्थित दुकान पर सेल्समेन का काम करता हूं। 14 अप्रेल की शाम कार व टेपों में आए आरोपी व साथियों द्वारा दुकान में घुस उधार शराब मांगी, नहीं देने पर मारपीट एवं तोड़फोड़ कर गल्ले से 15 से 20 हजार रूपये नकदी व शराब लूट ले गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज जांच एसआई विरम सिंह को सौंपी है।

### अवैध गांजे सहित कार जब्त

**उदयपुर,(कासं)।** गोगुन्दा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध गाजे से भरी कार जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गजेन्द्रसिंह के सुपरविजन में गोगुन्दा थानाधिकारी शैतानसिंह के नेतृत्व में गठित दल द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों के मद्दे नजर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान धोली घाटी एनएच 27 पर नाकाबंदी पर एक कार को रोका। इस दौरान एक बदमाश कार से फरार हो गया। इस पर चालक गोपाल पुत्र चन्दु निवासीपीपली डोडीयान रेलमगरा राजसमन्द को डिटेन कर कारकी तलाशी ली तो उसमें 5 लाख रूपये मूल्य का 9 किलों 465 ग्राम अवैध गांजा मिला। इस पर मादक पदार्थ मय कार जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### 574 बुजुर्ग व दिव्यांगजन ने मतदान किया

**उदयपुर,(कासं)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत दूसरे चरण के मतदान को लेकर रविवार से प्रारंभ हुई होम वोटिंग में उदयपुर जिले में मतदान दलों और मतदाताओं दोनों का उत्साह देखते ही बन रहा है। तीसरे दिन 574 बुजुर्ग व दिव्यांगजन ने घर बैठे मतदान किया।होम वोटिंग प्रकोष्ठ प्रभारी तरू सुराणा ने बताया कि मंगलवार को होम वोटिंग टीमों ने घर-घर जाकर 85 वर्ष से अधिक आयु के 494 वरिष्ठ नागरिक व 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले चिन्हित 80 दिव्यांगजन से मतदान करवाया। जिले में अब तक 1387 बुजुर्ग एवं दिव्यांगजन होम वोटिंग सुविधा का लाभ ले चुके है। होम वोटिंग का प्रथम चरण 21 अप्रैल तक रहेगा। इसमें प्रतिदिन मतदान दल आवंटित रूट चार्ट के अनुरूप घर-घर जाकर मतदान कराएंगे।

### झांसा देकर धोखे से नकदी हड़पी

**उदयपुर,(कासं)।** होम लोन कराने का झांसा देकर पीडित से लाखों की नकदी हडपने वाले आरोपी व साथी के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता प्रेमलता नागदा पत्नी गोपाल नागदा हिरण्मगरी सेक्टर 9 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी ने आरोपवी राहुल पुत्र सुरेश कुमार सहलोत निवासी न्यू निर्मल विहार सेक्टर 9 व साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि आरोपी को होम लोन के लिए 30 लाख रूपये नकदी व दस्तावेज दिए थे। लेकिन आरोपी ने होम लोन नहीं करवा नकदी हडप ली। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### दस्तावेज से भरी अटैची चोरी

**उदयपुर,(कासं)।** न्यायालय परिसर से अज्ञात बदमाश अधिवक्ता के टेबल से अटैची चुरा ले गया। जिसमें स्टाम्प व दस्तावेज थे। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित दिनेश गुप्ता पुत्र पूरणमल गुप्ता निवासी हाथीपोल ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि मैं पैशे से अधिवक्ता होकर नोटरी भी हूं। 13 अप्रेल को मैं कौर्ट परिसर में टेबल पर काम कर रहा था। इस दौरान काम से गया था। कुछ ही समय बाद लौटा तो टेलब से अटैची गायब थी। जिसमें स्टाम्प, सील, टिकिट व अन्य दस्तावेज थे। जिसकी तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

### अवैध बजरी से भरी ट्रेक्टर-ट्रोली जब्त

**उदयपुर,(कासं)।** जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गोजेन्द्रसिंह राव के सुपरविजन में टीडी थानाधिकारी फैलीराम मीणा के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करतेहुए टीडी बस स्टेण्ड से अवैध बजरी से भरा ट्रेक्टर मय ट्रोली जब्त किया।

## बैठक आयोजित

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय पर अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी विशेष अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई। जिला प्राधिकरण सचिव मनीष कुमार वैष्णव ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विशेष त्रेमासिक कैम्पेन लॉच किया गया है। इस कैम्पेन के तहत जिला प्राधिकरण अध्यक्ष राघवेन्द्र काछवाल की अध्यक्षता में इस विशेष अभियान की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

तीतरड़ी शाखा, वन्दना मार्बल के सामने, गुप्तेश्वर रोड
तीतरड़ी, उदयपुर, राजस्थान 313001
ई-मेल: vjtita@bankofbaroda.com

**आम सूचना**

एतद्‌द्वारा जनसाधारण एवं विशेष रूप से ऋणियों श्रीमती इन्दु त्रिवेदी पत्नी श्री राकेश सिंह सिसोदिया, श्री राकेश सिंह सिसोदिया पुत्र श्री नेम सिंह सिसोदिया एवं मैसर्स साईं मंदिर इलेक्ट्रोनिक्स प्रोपराईटर श्रीमती इन्दु त्रिवेदी पत्नी श्री राकेश सिंह सिसोदिया को सूचना दी जाती है कि श्रीमती इन्दु त्रिवेदी पत्नी श्री राकेश सिंह सिसोदिया, श्री राकेश सिंह सिसोदिया पुत्र श्री नेम सिंह सिसोदिया एवं मैसर्स साईं मंदिर इलेक्ट्रोनिक्स प्रोपराईटर श्रीमती इन्दु त्रिवेदी पत्नी श्री राकेश सिंह सिसोदिया की सम्पत्ति को दिनांक 18.04.2024 को विक्रय करने हेतु राष्ट्रदूत एवं इंडियन एक्सप्रेस में दिनांक 15.03.2024 को जो ई-नीलामी सूचना प्रकाशित की गई थी को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाता है।

स्थान: उदयपुर
दिनांक: 16.04.2024

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा